महत्वपूर्ण एवं खास

दो नाबालिग लड़की लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। गोबरा नवापारा व उरला क्षेत्र से दो नाबालिग के लापता हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र नगर निवासी युवक 19 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बहन 17 साल 10 माह गुरुवार को घर से बिना बताये कहीं चली गई है। प्रार्थी ने आशंका जताई है कि किसी ने नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अपहरण कर लिया है। इसी तरह गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी से नाबालिग लड़की 13 वर्ष 10 माह घर से बिना बताये कहीं चली गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया गया है।

इंटरब्यूह के लिए गई युवती के साथ किया अश्लील हरकत, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। इंटरब्यूह लेते समय युवती से अश्लील हरकत किया घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर टिकरापारा निवासी पीड़िता 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 जनवरी को मोबाइल एप वर्क इंडिया में इंटरब्यूह के दौरान साहिल यादव ने इंटरब्यूह लेते समय बेईज्जत करने की नियत से अश्लील हरकत किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बैंक कर्मी से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। ब्लू स्काई कैफे में मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने दो माहिने बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो महिना पहले ब्लूस्काई कैफे में मनीष शर्मा व उसके तीन साथी हंगामा कर बैंक कर्मी के साथ मारपीट किया था मनीष शर्मा ने बैंक कर्मी से मारपीट के बाद पर्स व मोबाईल फोन लूट लिया था। जांच में पुलिस ने सीसी टीव्ही फूटेज में मनीष शर्मा बैंक कर्मी के साथ मारपीट व लूट करते पाया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था जिसे पुलिस गुरुवार की रात में गिरफ्तार कर लिया है उसे कोर्ट में आज पेश किया जायेगा।

कांग्रेस मुख्यालय में कल बैठेंगे मंत्री अमरजीत भगत

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, संस्कृति, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री अमरजीत भगत कल 01 फरवरी को राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे। शनिवार को मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, संस्कृति, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री अमरजीत भगत दोपहर 12 बजे से राजीव भवन में बैठेंगे। इस दौरान मंत्री अमरजीत भगत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियो और जनसामान्य से मुलाकात कर अपने विभाग से संबंधित समस्याओं शिकायत एवं सुझाव पर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

कोटा बीईओ दफ्तर का बाबू 4 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

» मृत छात्र की बीमा राशि देने मांगी थी रकम

बिलासपुर (आरएनएस)। कोटा बीईओ आफिस का बाबू 4 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ाया है। क्लर्क ने छात्र बीमा सुरक्षा राशि दिलाने मृत छात्र के पिता से रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ग्रामीण दिलहरण यादव की शिकायत पर एसीबी ने की कारवाई करते हुए आरोपी बड़े बाबू बेदूराम कैवर्त्य को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आवेदक के बेटे की पानी में डूबने से मौत हो गई थी, जिसकी छात्र सुरक्षा बीमा की राशि दिलाने के लिए शिक्षा विभाग का बाबू बैदूराम रकम की मांग कर रहा था। एसीबी की टीम उसे गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है।

बीएसएनएल के 568 कर्मियों ने लिया वीआरएस, पूरे प्रदेश से 47 प्रतिशत कर्मी हुए सेवानिवृत्त

रायपुर (आरएनएस)। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के 568 कर्मियों ने आज एक साथ वीआरएस लिया। केंद्र सरकार की वीआरएस स्कीम के तहत होने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों में ज्यादातर की आयु 50 से 60 वर्ष की बीच है। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा बीएसएनएल में कर्मियों की अधिकता को देखते हुए वीआरएस स्कीम बनाई गई है।

छत्तीसगढ़ पुलिस खेल टीम की ब्राण्ड एंबेस्डर होंगी सबा अंजुम- डीजीपी डीएम अवस्थी

» छत्तीसगढ़ पुलिस में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भर्ती के लिए करेंगे ठोस पहल- डीजीपी » विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने की डीजीपी से मुलाकात

रायपुर। पुलिस महानिदेशक श्री डीएम अवस्थी से आज यहां पुलिस मुख्यालय में बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, कराटे सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

अवस्थी ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित श्रीमती सबा अंजुम को छत्तीसगढ़ पुलिस का ब्राण्ड एंबेस्डर बनाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में श्रीमती सबा अंजुम छत्तीसगढ़ पुलिस में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। श्री अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जायेगी। पुलिस में खिलाड़ियों की भर्ती से छत्तीसगढ़ और पुलिस दोनों का नाम रोशन होगा।

खिलाड़ियों ने पुलिस महानिदेशक को जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ के कई उत्कृष्ट खिलाड़ी केंद्रीय और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरी कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ पुलिस में अवसर मिलना चाहिए। इस पर श्री अवस्थी ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल खिलाड़ियों के प्रदर्शन और कॅरियर के प्रति बहुत ही संवेदनशील हैं।

इस अवसर पर श्री अवस्थी ने खिलाड़ियों से खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि खेलों में तो आप आगे हैं ही साथ ही पढ़ाई पर भी ध्यान देकर अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। श्री अवस्थी ने 70वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला बास्केटबॉल चैंम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई दी। छत्तीसगढ़ हैण्डबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी श्री बशीर अहमद खान और टीम के खिलाड़ियों ने भी डीजीपी श्री अवस्थी से मुलाकात की और अपनी मांगों को रखा।

इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक श्री मयंक श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव श्रीमती अनिता पटेल, महिला बास्केटबॉल टीम के प्रशिक्षक श्री सरजीत चक्रवर्ती, प्रशिक्षक पुलिस टीम श्री सतीष मिश्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी श्री अमृत पॉल सिंह, अतंर्राट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी जूनियर इंडियन टीम सुश्री नेहा कारवां, सुश्री रिया वर्मा, सुश्री एलिजाबेथ एक्का उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित

रायपुर (आरएनएस)। राज्य स्तरीय विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता परीक्षा 29 दिसम्बर को आयोजित की गई थी। परीक्षा में दर्ज 90 विद्यार्थियों में से 82 उपस्थित रहे। परीक्षा परिणाम और चयन सूची अवलोकन के लिए वेबसाइट ूेबमतजण्बहण्हवअण्पद पर उपलब्ध कराई गई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कार्यालय में विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी ने बताया कि जोन स्तरीय परीक्षा 2019-20 के टॉप-10 की चयन सूची में शामिल विद्यार्थी राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल हुए। राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल होने के लिए 9 जोन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कवर्धा, जगदलपुर, कांकेर, दन्तेवाड़ा, अंबिकापुर और रायगढ़ से टॉप-10-10 कुल 90 विद्यार्थी को दर्ज किया गया था।

मुख्यमंत्री ने परिवार सहित कुरूदडीह पहुंचकर किया मतदान

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण में दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड स्थित अपने गृह ग्राम कुरूदडीह में मतदान किया। उन्होंने कुरूदडीह प्राथमिक शाला स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 21 में मतदान किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल के साथ ही पुत्रियों श्रीमती स्मिता बघेल, श्रीमती दिव्या बघेल तथा सुश्री दीप्ति बघेल तथा पुत्र श्री चैतन्य बघेल ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पहाड़ पर 15 किमी पैदल चलकर मलेरिया की जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

» दुर्गम और पहुंचविहीन गांवों में स्वास्थ्य विभाग की दस्तक, मलेरियामुक्त बस्तर अभियान में मौके पर ही मलेरिया का इलाज

» 28 साल बाद गोगुंडा पहुंचा स्वास्थ्य विभाग का अमला

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग के महत्वाकांक्षी मलेरियामुक्त बस्तर अभियान में विभाग की टीम मलेरिया की जांच एवं उपचार के लिए दुर्गम और पहुंचविहीन गांवों तक पहुंच रही है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के दुर्गम एवं दूरस्थ गांव गोगुंडा में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहाड़ पर 15 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई कर मलेरिया जांच के लिए पहुंची। टीम ने वहां तीन दिनों तक कैंप कर 856 लोगों की जांच की। मलेरिया पाए गए 587 लोगों को दवाईयां देकर तत्काल इलाज भी शुरू किया। उन्हें एसीटी-किट और प्राइमाक्वीन की गोलियां दीं। कैंप के दौरान 87 बच्चों को टीके लगाने के साथ ही लोगों का परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्यगत परेशानियों का उपचार किया गया। टीम ने मच्छरों से बचने ग्रामीणों को मच्छरदानी भी वितरित किए।

गोगुंडा के लोगों ने बताया कि उनके गांव में 28 साल बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची है। मलेरियामुक्त बस्तर अभियान के तहत विभाग के 15 सदस्यों का दल 28 जनवरी को वहां पहुंचा। बेहद दुर्गम रास्ता होने के कारण दल को सामसेट्टी गांव से परिया-गड़गड़पारा तक लगभग 15 किलोमीटर का सफर मोटरसाइकिल से करना पड़ा। आगे रास्ता नहीं होने के कारण वहां से पहाड़ पर करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर स्वास्थ्य विभाग की टीम गोगुंडा पहुंची। टीम के सदस्य रास्ते भर एक-दूसरे की हौसला अफजाई करते रहे। इस टीम में सुकमा के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रोहित वर्मा, कोंटा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल देव कश्यप, चिरायु टीम के डॉ. वेद प्रकाश, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और सुपरवाइजर शामिल थे। रास्ता बताने गोगुंडा के सरपंच, सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उनके साथ थे। गोगुंडा में तीन दिनों के कैंप के दौरान जांच किट कम पड़ने पर सामसेट्टी उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ता और दो मितानिनें मोटरसाइकल से और पैदल करीब 30 किलोमीटर का दुर्गम रास्ता तय कर खुद किट लेकर पहुंची।

राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में गांजा व शराब किया जब्त

» कार्रवाई के दौरान मिला 127 पाव देशी व अंग्रेजी शराब एवं 8 किलो 270 ग्राम गांजा व चीलम

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग -अलग थाना क्षेत्र में अवैध शराब व गांजा बेचने वाले एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में गांजा व शराब बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने नलघर चौक के पास नेहरू नगर में अपचारी बालक उम्र 17 वर्ष के पास से 30 पाव देशी शराब बरामद किया है। इसी तरह नेहरू नगर ढाल के पास रियाज खान 25 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया गया है। व पुराना बस स्टैंड गोल बाजार से अशोक कुमार तिवारी 51 वर्ष के पास से 22 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं टिकरापारा थाना क्षेत्र में धरम हरपाल 40 के पास से अवैध 13 पाव अंग्रेजी शराब सीरत मैदान संतोषी नगर से जब्त किया गया है। डीडी नगर थाना क्षेत्र में इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुरा में अंजुल ध्रुव के 40 वर्ष के पास से 7 पांव अंग्रेजी शराब व सरोना गैस गोदाम के पास सेवक राम साहू 44 वर्ष के पास से 6 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। आमानाका पुलिस ने महोबा बाजार ओव्हरब्रिज के नीचे रमजान खान 37 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है।

दोस्ती का फायदा उठाकर शोरूम से ट्रायल के नाम पर ले गया वाल्वो कार

» रुपये मांगने पर लौटाने से किया इंकार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। परिचित ने ट्रायल के नाम पर वाल्वो कंपनी के शो रूम से लाखों रुपये का कीमती कार लेकर गया व वापस मांगने पर लौटाने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा निवासी अमर नारायण सिंह 31 वर्ष पिता केएन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि चंदनडीह स्थित वाल्वो कार शो रूम का संचालक है। 27 अक्टूबर 2018 में साबिर मदान 30 वर्ष पिता संजय मदान ने प्रार्थी से परिवारिक जान पहचान होने का फायदा उठाकर चंदनडीह स्थित वाल्वो शोरूम से वाल्वो कार कीमत 39 लाख 90 हजार को ट्रायल व घर वालों को दिखाने की बात कहकर ले गया। कार का पैसा मांगने पर आरोपी ने बाकी रकम नगद देने की बात कहकर 27 लाख रुपये का चेक दिया था, बैंक में चेक जमा करने पर खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं होने के चलते बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने की सूचना देने पर आरोपी नगद रुपये देने की बात कहकर गुमराह करने लगा। प्रार्थी के पिता से साबिर मदान के पिता संजय मदान वर्षो से आपस में अच्छे दोस्त रहे है । उक्त संबंधों के कारण साबिर मदान शो रूम से वाल्वो डेमो कार को बहाने से लेकर चला गया व संबंध का हवाला देकर कार्रवाई करने से रोक रहा था।

सीमेंट कंपनियों से मोटा चंदा वसूलती थी भाजपा : विकास तिवारी

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि धरमलाल कौशिक के बयान से स्पष्ट है कि पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी की सरकार मोटा चंदा वसूलने के लिए सीमेंट कंपनियों पर दबाव डालती थी और वर्ष 2009 में जो सीमेंट प्रति बोरा 209 रु था वह भाजपा के रमन सरकार के कार्यकाल में 245 रु. तक पहुंच गया था। बीच के वर्षो में यह मूल्यवृद्धि 260 रु तक जा चुकी थी वही वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव के पूर्व में सीमेंट का रेट प्रति बोरा 223 रु. था जो चुनाव के ठीक पहले बढ़कर 245-250 रु तक पहुंच गया तक अर्थात 22 से 27 रु प्रति बोरा की मूल्यवृद्धि अचानक की गई थी इसका मतलब स्पष्ट है कि चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी चौथी बार सरकार बनाने का झांसा देकर सीमेंट कंपनियों से मोटा चंदा के रूप में 27 रु. तक प्रति बोरा चंदा की वसूली की थी। प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का बयान गैर जिम्मेदाराना बुनियादी है क्योंकि जब से प्रदेश की कमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संभाली है तब से आज तक सीमेंट का मूल्य स्थिर है इस पर कोई भी बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई है विगत 2 वर्षों से सीमेंट का मूल्य 250 रू. में ही स्थित है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को अब नींद में अपने समय में वसूले गए चंदा और कमीशन खोरी याद आ रहे है।

छत्तीसगढ़ी फिल्म जोहार छत्तीसगढ़ देखने अजीत जोगी जाएंगे टॉकीज

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजो कर बनाई गई छत्तीसगढ़ फिल्म जोहार छत्तीसगढ़ को टैक्स फ्री करने की मांग के बीच आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रमुख अजीत जोगी यह फिल्म देखने टाकीज जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि जनता कांग्रेस के प्रमुख अजीत जोगी अपने परिजनों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ जोहार छत्तीसगढ़ फिल्म देखने आज दोपहर श्याम टॉकीज जाएंगे। ज्ञात हो कि इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी फिल्म देखने टॉकीज जा चुके हैं। इसी क्रम में अब पूर्व सीएम अजीत जोगी भी छत्तीसगढ़ी फिल्म जोहार छत्तीसगढ़ देखने आज टॉकीज पहुंचेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

» राष्ट्रीय महिला आयोग के 27वें स्थापना दिवस पर पर » शामिल हुईं छत्तीसगढ़ की राज्यपाल

महिला सुरक्षा के लिए कानून के साथ ही बच्चों को दें नैतिक शिक्षा- उइके

» तकनीक के उपयोग से महिला सुरक्षा को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

रायपुर। राष्ट्रीय महिला आयोग के 27वें स्थापना दिवस पर आज नई दिल्ली में आयोजित 'बीजिंग 25 की समीक्षा पर राष्ट्रीय परामर्श' में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए कानून को मजबूत बनाने के साथ ही बच्चों को नैतिक शिक्षा भी दी जाए। वहीं, उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि महिला आयोग पीड़ित, दुखी, शोषित महिला को न्याय दिलाने के लिए जाना जाता है। लेकिन किसी भी संस्था को प्रभावी बनाने के लिए नवाचार आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने कार्यक्रम में कई सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का कार्य राज्यों में भी मजबूत करना चाहिए ताकि सभी महिलाओं को न्याय मिल सके। राज्यों में वर्कशॉप का आयोजन किया जाए, जिससे महिलाओं को अधिकारों की जानकारी हो सके।

वहीं, उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया, ताकि पीड़ित महिला त्वरित रूप से थानों में सूचना दे सके। पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए, इसके लिए महिला आयोग को सरकार से अनुशंसा करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि लैंगिक उत्पीड़न पर त्वरित न्याय हो। उइके ने महिला सुरक्षा के लिए मौजूदा कानून में सुधार के साथ ही बच्चों को संस्कारी बनाने और नैतिक शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया।

इसके साथ ही जनजाति महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र की महिलाओं में हुनर बहुत है लेकिन उनके उत्पादों की मार्केटिंग नहीं हो पाने की वजह से आर्थिक रूप से पिछड़ी हुईं हैं। महिला आयोग इसे लेकर सरकार को सुझाव दे। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं को और भी सशक्त करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा।